
# राजकीय इण्टर कालेज (GIC) प्रवक्ता परीक्षा, 2021

# अर्थशास्त्र


## व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र

परीक्षा तिथि : 19-09-2021

**1. In the following figure consumer's surplus is-**




**निम्न चित्र में उपभोक्ता बचत है–**




(a) OPAD (b) ODAN
(c) OPA (d) PDA

**Ans. (d) :** उपभोक्ता की बचत = ODAN – OPAN = PDA
मार्शल के अनुसार "किसी वस्तु को बिना प्राप्त किये हुए रहने की अपेक्षा वह मूल्य, जो एक व्यक्ति उस वस्तु के लिए देने के लिए तैयार रहता है और जो मूल्य वह वास्तव में देता है, उन दोनों का अन्तर ही उपभोक्ता की बचत कहलाती है।"
उपभोक्ता की बचत को बोल्डिंग ने क्रेता की बचत कहा।

**2. Who gave the scientific explanation of Cross Elasticity of Demand?**
**माँग की आड़ी लोच की वैज्ञानिक व्याख्या को किसने दिया है?**

(a) Pigou/पीगू
(b) Marshall/मार्शल
(c) Robert Triffin/रॉबर्ट ट्रिफिन
(d) Robertson/रॉबर्टसन

**Ans. (c) :** माँग की आड़ी लोच की वैज्ञानिक व्याख्या राबर्ट ट्रिफिन ने अपने मूल्य सिद्धान्त में किया। किसी सम्बन्धित वस्तु के मूल्य में होने वाले परिवर्तन के परिणामस्वरूप किसी दी हुई वस्तु की माँगी गयी मात्रा में जो सापेक्षिक परिवर्तन होता है, उसकी माप ही माँग की आड़ी लोच है।

**3. Which measure of dispersion is most affected by the extreme observations?**
**चरम मूल्यों से सर्वाधिक प्रभावित होने वाली अपकिरण की माप कौन सी है?**

(a) Range/रेंज (b) Q.D./क्यू.डी.
(c) M.D./एम.डी. (d) S.D./एस.डी.

**Ans. (a) :** चरम मूल्यों से सर्वाधिक प्रभावित होने वाली अपकिरण की माप रेंज या विस्तार है। सबसे बड़े पद तथा छोटे पद के अन्तर को विस्तार कहते हैं।
विस्तार (R) = L – S
जहाँ, R = विस्तार, L = श्रेणी का सबसे बड़ा पद S = श्रेणी का सबसे छोटा पद

**4. Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and other is as Reason (R):**
**नीचे दो वक्तव्य दिए गए हैं, जिनमें से एक कथन (A) तथा दूसरा कारण (R) है :**

**Assertion (A):** Government expenditure through the policy of pump priming can be helpful to raise the income and employment level in the economy.
**कथन (A) :** मौद्रिक उद्दीपन की नीति के माध्यम से सरकारी व्यय अर्थव्यवस्था में रोजगार तथा आय के स्तर में वृद्धि कर सकता है।
**Reason (R):** Multiplier effect of pump priming policy is quote effective.
**कारण (R) :** मौद्रिक उद्दीपन की नीति का गुणक प्रभाव काफी प्रभावी होता है।

**नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिये–**
**कूट–**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) तथा (R) दोनों सत्य हैं तथा (R) (A) की सही व्याख्या करता है
(b) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A)/(A) तथा (R) दोनों सत्य हैं तथा (R) (A) को सही व्याख्या नहीं करता है
(c) (A) is true and (R) is false
(A) सत्य है तथा (R) असत्य है
(d) (A) is false and (R) is true
(A) असत्य है तथा (R) सत्य है

**Ans. (c) :** मौद्रिक उद्दीपन की नीति के माध्यम से सरकारी व्यय अर्थव्यवस्था में रोजगार तथा आय के स्तर में वृद्धि कर सकता है। पम्पप्राइमिंग की अवधारणा कीन्स ने दी।
इस अवधारणा के अनुसार सरकार द्वारा आर्थिक प्रणाली में की गयी सार्वजनिक व्यय की अल्प मात्रा गुणक प्रभाव के द्वारा किसी भी अर्थव्यवस्था में आय में कई गुना वृद्धि लायेंगी।

**5. The following is the List of District and Product, under the One District and One Product Scheme of the U.P. Government. Match List-I with List-II and select the correct answer using the code given below the list –**
**यू.पी. सरकार की एक जनपद एक उत्पाद योजना के अन्तर्गत, जनपद तथा उत्पाद की सूची निम्नवत् है। सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा सूचियों के नीचे स्थित कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये–**

| List-I/सूची-I | List-II/सूची-II |
|---|---|
| (a) Siddhartha Nagar /सिद्धार्थ नगर | (1) Kala Namak rice काला नमक चावल |
| (b) Gorakhpur/गोरखपुर | (2) Shoes/जूते |
| (c) Farrukhabad/फर्रुखाबाद | (3) Terracotta/टेराकोटा |
| (d) Hamirpur/हमीरपुर | (4) Textile Printing वस्त्र छपाई |

**Code/कूट–**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (b) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (c) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (d) | 1 | 3 | 4 | 2 |

**Ans. (d) :**
सुमेलित है-

| | |
|---|---|
| (A) सिद्धार्थ नगर | (1) काला नमक चावल |
| (B) गोरखपुर | (3) टेराकोटा |
| (C) फर्रुखाबाद | (4) वस्त्र छपाई |
| (D) हमीरपुर | (2) जूते |

**6. Which of the following pairs is not correctly matched?**
**निम्नलिखित युग्मों में से कौन सा सही सुमेलित नहीं है?**

(a) 1980-85 — 6th Five Year Plan
1980-85 — छठवीं पंचवर्षीय योजना
(b) 1966-69 — Annual Plan/Plan Holidays
1966-69 — वार्षिक योजना/योजना अवकाश
(c) 1990-95 — 8th Five Year Plan
1990-95 — आठवीं पंचवर्षीय योजना
(d) 2012-17 — 12th Five Year Plan
2012-17 — बारहवीं पंचवर्षीय योजना

**Ans. (c) :** आठवीं पंचवर्षीय योजना (1992-1997) जॉन डब्ल्यू मूलर मॉडल पर आधारित थी, जिसका लक्षित वृद्धि दर 5.6% के स्थान पर 6.68% की वास्तविक वृद्धि दर थी।

**7. Rangarajan Committee, constituted in 1993, was related to –**
**1993, में गठित रंगराजन कमेटी का सम्बन्ध था–**

(a) Tax revision/कर संशोधन से
(b) Agriculture Price Policy/कृषि मूल्य नीति से
(c) Devaluation/अवमूल्यन से
(d) Balance of Payment/भुगतान संतुलन से

**Ans. (d) :** 1993 में गठित रंगराजन कमेटी का सम्बन्ध भुगतान सन्तुलन से था। कुछ अन्य क्षेत्रों से भी रंगराजन कमेटी सम्बन्धित थी जैसे- निजी क्षेत्र में बैंकिंग उद्योग के कम्प्यूटरीकरण, सार्वजनिक क्षेत्र के विनिवेश आदि।

**8. Public debt can be classified as –**
**सार्वजनिक ऋण को इस प्रकार से वर्गीकृत कर सकते हैं–**

(a) Internal and external debt
आंतरिक एवं बाह्य ऋण
(b) Productive and unproductive debt
उत्पादक एवं अनुत्पादक
(c) Specific and differential debt
विशिष्ट एवं भेद मूलक ऋण
(d) Redeemable and irredeemable debt
शोध्य एवं अशोध्य ऋण

**Select the correct answer using the code given below-/नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिये–**

**Code/कूट–**

(a) (1), (2), (3) and (4)/(1), (2), (3) एवं (4)
(b) (2), (3) and (4)/(2), (3) एवं (4)
(c) (1), (2) and (4)/(1), (2) एवं (4)
(d) (1), (2) and (3)/(1), (2) एवं (3)

**Ans. (c) :** सार्वजनिक ऋणों का वर्गीकरण निम्नांकित वर्गों मे करते हैं-
(1) आंतरिक एवं बाह्य ऋण
(2) उत्पादक तथा अनुत्पादक ऋण
(3) शोध्य तथा अशोध्य ऋण
(4) ऐच्छिक तथा अनिवार्य ऋण
(5) बाजार ऋण तथा गैर बाजारी ऋण आदि।

**9. Which one of the following is not correctly matched with regard to Budgetary Deficit?**
**बजटीय घाटों के सम्बन्ध में निम्न में से कौन सा एक सही सुमेलित नहीं है?**

(a) Budget deficit – Total Revenue - Total Expenditure
बजट घाटा – कुल आगम – कुल व्यय
(b) Revenue deficit – Total Revenue Receipts - Total Revenue Expenditure
राजस्व घाटा – कुल राजस्व आगम – कुल राजस्व व्यय
(c) Primary deficit – Fiscal deficit + Interest payment
प्राथमिक घाटा – राजकोषीय घाटा + ब्याज भुगतान
(d) Fiscal deficit – Budget deficit + borrowing and other liabilities
राजकोषीय घाटा – बजटीय घाटा + ऋण तथा अन्य देनदारियाँ

**Ans. (c) :** प्राथमिक घाटा= सकल राजकोषीय घाटा- ब्याज भुगतान
वर्तमान बजेटरी व्यवहार से उत्पन्न घाटे को ज्ञात करने के लिए राजकोषीय घाटे में से ब्याज अदायगी को निकाल देते हैं और इसे प्राथमिक घाटा कहते हैं।
प्राथमिक घाटा के भी दो रूप हो सकते हैं–
(क) प्राथमिक उपभोग घाटा
(ख) प्राथमिक विनियोग घाटा

**10. Consider the following events and arrange them in a correct chronological order–**
**निम्न घटनाओं पर विचार कीजिये एवं उन्हें सही कालक्रम के अनुसार संयोजित करें–**

**(I) Starting of 12th Five Year Plan**
**बारहवीं पंचवर्षीय योजना का प्रारम्भ**
**(II) Establishment of NITI Aayog**
**नीति आयोग की स्थापना**
**(III) Introduction of New Economic Policy**
**नयी आर्थिक नीति को लागू करना**
**(IV) Setting up of Planning Commission of India/भारत में योजना आयोग की स्थापना**

**Select the correct answer using the code given below-/नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिये–**

**Code/कूट–**

(a) (IV), (III), (II), (I) (b) (III), (IV), (I), (II)
(c) (I), (II), (IV), (III) (d) (IV), (III), (I), (II)

**Ans. (d) :** सही कालक्रम-
(iv) भारत में योजना आयोग की स्थापना (1950)
(iii) नयी आर्थिक नीति को लागू करना (1991)
(i) बारहवीं पंचवर्षीय योजना का प्रारम्भ (2012-2017)
(ii) नीति आयोग की स्थापना (2015)

**11. "Trade cycles are generated due to interaction of multiplier and accelerator". The trade cycle based on above statement is of –**
**"व्यापार चक्र गुणक एवं त्वरक की परस्पर क्रियाओं के कारण सृजन होते हैं।" उपर्युक्त कथन पर आधारित व्यापार चक्र है–**

(a) Keynes/कीन्स का
(b) Hawtrey/हॉट्रे का
(c) Samuelson/सैम्युलसन का
(d) Schumpeter/शुम्पीटर का

**Ans. (c) :** "व्यापार चक्र गुणक एवं त्वरक की परस्पर क्रियाओं के कारण सृजन होते हैं।" सैम्युलसन के कथन पर आधारित व्यापार चक्र है।

**12. Deflation is the opposite phenomenon of inflation. What will happen if deflation exist?**
**अपस्फीति मुद्रा स्फीति के विपरीत स्थिति है। यदि अपस्फीति होती है, तब क्या होगा?**

(a) Employment increases/रोजगार में वृद्धि
(b) Employment will not be affected
रोजगार अप्रभावित
(c) Unemployment increases/बेरोजगारी में वृद्धि
(d) Export and import increases
निर्यात तथा आयात में वृद्धि

**Ans. (c) :** अपस्फीति मुद्रा स्फीति के विपरीत स्थिति है। यदि अपस्फीति होती है तब बेरोजगारी में वृद्धि होती है।
पीगू के अनुसार, "मुद्रा अवस्फीति मूल्य स्तर के गिरने की वह अवस्था है जो उस समय उत्पन्न होती है जबकि वस्तुओं तथा सेवाओं का उत्पादन मौद्रिक आय की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ता है।"

**13. Which of the following option represent the two corner stones of Classical Economics?**
**निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प प्रतिष्ठित अर्थशास्त्र के दो आधारशिला को दर्शाता है?**

(a) Phillipes Curve and Say's Law
फिलिप्स वक्र एवं से का नियम
(b) Say's Law and the Quantity Theory of Money/से का नियम एवं मुद्रा का परिमाण
(c) The Quantity Theory of Money and the Liquidity Preference Theory/मुद्रा का परिणाम सिद्धान्त एवं नकद अधिमान सिद्धान्त
(d) Say's Law and the Liquidity Preference Theory
से का नियम एवं नकद अधिमान सिद्धान्त

**Ans. (b) :** जीन बैपिस्ते से ने यह प्रस्थापना प्रस्तुत की कि "पूर्ति स्वयं अपनी माँग पैदा कर लेती है" (Supply creates its own demand) यही से का नियम कहलाता है।
मुद्रा परिमाण- सिद्धांत के अनुसार मुद्रा का परिमाण ही कीमत स्तर अथवा मुद्रा के मूल्य का मुख्य निर्धारक है। यदि मुद्रा के परिमाण में परिवर्तन होगा तो वह ठीक उसी अनुपात में कीमत स्तर में परिवर्तन ला देगा।
फिशर के अनुसार, "ज्यों-ज्यों मुद्रा चलन की मात्रा बढ़ती है, त्यों-त्यों कीमत स्तर भी प्रत्यक्ष अनुपात में बढ़ता है और मुद्रा का मूल्य घटता जाता है और विलोमशः भी"

फिशर समीकरण
$MV = PT$
P = कीमत स्तर
V = मुद्रा का चलन वेग
M = वैध मुद्रा की कुल मात्रा
T = मुद्रा द्वारा किया गया लेन-देन

**14. Match List-I with List-II and select the correct answer using the code given below the lists-**
**सूची–I तथा सूची–II को सुमेलित कीजिये एवं सूचियों के नीचे स्थित कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये–**

| List-I/सूची-I | List-II/सूची-II |
|---|---|
| (a) Inflationary Gap स्फीति अंतराल | (1) Bent Hansen बैन्ट हैन्सन |
| (b) Excess Demand Inflation/माँग आधिक्य | (2) Ackley/एक्ले |
| (c) Demand Shift Inflation/माँग स्थानांतरण स्फीति | (3) Keynes/कीन्स |
| (d) Markup Inflation मूल्य बहाव स्फीति | (4) Charles Shultz चार्ल्स शुल्ज |

**Code/कूट–**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (b) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (c) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

**Ans. (a) :** सही सुमेलित सूची

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (A) स्फीति अंतराल | (3) कीन्स |
| (B) माँग आधिक्य स्फीति | (1) बैन्ट हैन्सन |
| (C) माँग स्थानान्तरण स्फीति | (4) चार्ल्स शुल्ज |
| (D) मूल्य बहाव स्फीति | (2) एक्ले |

**15. Which one of the following pair won Nobel Prize for Economics for the year 2020?**
**निम्नलिखित में से किस एक जोड़ी ने वर्ष 2020 का अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार जीता?**

(a) Roger Myerson, Eric Maskin
रॉजर मायर्सन, एरिक मास्किन
(b) Paul Milgrom, Robert Wilson
पॉल मिलग्रोम, रॉबर्ट विल्सन
(c) Michael Spence, George Akerlof
माइकल स्पेन्स, जॉर्ज एकरलोफ
(d) Robert Shiller, Paul Krugman
रॉबर्ट शिलर, पॉल क्रुगमैन

**Ans. (b) :** 2020 का अर्थशास्त्र नोबेल पुरस्कार पॉल आर मिलग्रोम तथा राबर्ट बी. विल्सन को संयुक्त रूप से नीलामी के सिद्धान्त में सुधार तथा नीलामी के नये प्रारूप की खोज के लिए दिया गया। डेविड कार्ड, जोशुआ डी. एंग्रिस्ट, गोइडो इम्बेन्स को अर्थशास्त्र के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार 2021 से सम्मानित किया गया।

**16. According to India's Demographic Perspective, which of the following year is considered as "The year of the Great Divide".**
**भारत के जनांकिकीय दृष्टिकोण से निम्न में से किस वर्ष को ''महान विभाजक वर्ष'' माना जाता है?**
(a) Year 1921/वर्ष 1921
(b) Year 1931/वर्ष 1931
(c) Year 1941/वर्ष 1941
(d) Year 1951/वर्ष 1951

**Ans. (a) :** 1921 में जो जनगणना की गयी वह अकेली दशाब्दि को प्रदर्शित करती है जिसमें जनसंख्या में 1 मिलियन की कमी प्रदर्शित हुयी, जैसा कभी नहीं हुआ, इसलिए 1921 को महान वि-भाजन वर्ष (Year of Grate Divide) कहा जाता है।

**17. Which of the following is not correctly matched with 'Price effect'?**
**निम्न में से कौन एक 'कीमत प्रभाव' से सही सुमेलित नहीं है?**
(a) Price effect is negative for a demand of a giffin good./कीमत प्रभाव गिफेन वस्तुओं के लिये ऋणात्मक होता है।
(b) A change in price changes consumer's real income./कीमत में परिवर्तन उपभोक्ता की वास्तविक आय में परिवर्तन लाता है।
(c) Nominal income also changes./मौद्रिक आय भी परिवर्तित होती है।
(d) It is sum of Income effect and Subsituton effect./यह आय प्रभाव और प्रतिस्थापन प्रभाव का जोड़ है।

**Ans. (c) :** कीमत प्रभाव- उपभोक्ता की मौद्रिक आय तथा एक वस्तु की कीमत स्थिर रहते हुए किसी दूसरी वस्तु की कीमत में परिवर्तन होने से उपभोक्ता के संतुलन पर जो प्रभाव पड़ता है उसको कीमत प्रभाव कहा जाता है। यदि इस दूसरी वस्तु की कीमत में परिवर्तन इस प्रकार का होता है कि इसकी कीमत गिर जाती है तो उपभोक्ता की वास्तविक आय बढ़ने के कारण वह पहले से अच्छी स्थिति में होगा और उसका संतुष्टि स्तर बढ़ जायेगा
कीमत प्रभाव, आय प्रभाव तथा प्रतिस्थापन प्रभाव का योग होता है।
**गिफेन वस्तुएँ–** गिफेन वस्तुओं के सन्दर्भ में ऋणात्मक आय प्रभाव, धनात्मक स्थानापन्न प्रभाव से अधिक शक्तिशाली होता है। इसलिए कीमत प्रभाव भी ऋणात्मक होता है।

**18. Which of the following parameter is/are not used in the CES Production Function?**
**निम्न में से किस प्राचल का उपयोग सी.ई.एस. उत्पादन फलन में नहीं किया गया है?**
(a) Distribution/वितरण
(b) Efficiency/दक्षता
(c) Intensity/गहनता
(d) Substitution/स्थानापन्नता

**Select the correct answer using the code given below-/नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिये–**
**Code/कूट–**
(a) (1) Only/केवल (1)
(b) (3) Only/केवल (3)
(c) (1) and (3) only/केवल (1) तथा (3)
(d) (2) and (4) only/केवल (2) तथा (4)

**Ans. (b) :** ऐरो, चेनेरी, मिनहास और सोलो ने अपने प्रसिद्ध लेख में स्थानापन्नता की स्थिर लोच (Constant elasticity of Substitution - CES) फलन का विकास किया है। सी.ई.एस. उत्पादन फलन में निम्न प्राचल का उपयोग किया गया है- दक्षता, वितरण और स्थानापन्नता। स्थिर प्रतिस्थापन लोच (CES) उत्पादन फलन को निम्न प्रकार लिखा जा सकता है।

$$Q = \gamma[\delta k^{-p} + (1-\delta)L^{-p}]^{-\frac{1}{p}}$$

जहाँ $\gamma$ - कुशलता का प्राचल है
$\delta$ - वितरण का प्राचल है
p- प्रतिस्थापन का प्राचल है
**नोट-** आयोग ने इस प्रश्न का उत्तर विकल्प (a) माना है।

**19. "Income, Saving and the Theory of Consumer Behaviour" book is written by which of the following?**
**''आय, बचत और उपभोक्ता व्यवहार का सिद्धांत'' पुस्तक निम्न में से किसके द्वारा लिखित है?**
(a) J.M. Keynes/जे.एम. कीन्स
(b) Milton Friedman/मिल्टन फ्रीडमैन
(c) A.C. Pigou/ऐ.सी. पीगू
(d) James Duesenberry/जेम्स ड्यूजेनबरी

**Ans. (d) :** ''आय, बचत और उपभोक्ता व्यवहार का सिद्धान्त'' नामक पुस्तक जेम्स ड्यूजेनबरी द्वारा लिखित है।

**20. Which of the following items are not included in Personal Income?**
**निम्नलिखित में से कौन सी मदें वैयक्तिक आय में सम्मिलित नहीं होती हैं?**
(I) Social Security Contributions
सामाजिक सुरक्षा अंशदान
(II) Transfer Payments/हस्तांतरण भुगतान
(III) Undistributed profits of company
कम्पनियों के अविभाजित लाभ
(IV) Corporate Income Taxes/निगम आयकर

**Select the correct answer using the code given below-/नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिये–**
**Code/कूट–**
(a) (I), (II) and (II)/ (I), (II) एवं (II)
(b) (II), (III) and (I)/ (II), (III) एवं (I)
(c) (I), (II) and (IV)/ (I), (II) एवं (IV)
(d) (I), (III) and (IV)/ (I), (III) एवं (IV)

**Ans. (d) :** वैयक्तिक आय किसी देश में एक वर्ष में निजी व्यक्तियों द्वारा प्रत्यक्ष करों को देने से पहले सभी स्रोतों से प्राप्त आय होती है। राष्ट्रीय आय में से अवितरित निगम लाभ, लाभ कर और कर्मचारियों का सामाजिक सुरक्षा स्कीमों को अंशदान घटा कर वैयक्तिक आय निकाली जाती है।
वैयक्तिक आय = राष्ट्रीय आय - अवितरित निगम लाभ - लाभ कर-सामाजिक सुरक्षा अंशदान+हस्तान्तरण भुगतान+लोक ऋण पर ब्याज

**21. Match the List-I with List-II and select the correct answer using the code given below the Lists–**
**सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिये एवं सूचियों के नीचे स्थित कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये–**

| List-I/सूची-I | List-II/सूची-II |
|---|---|
| (a) Marshall/मार्शल | (1) M = PKT |
| (b) Pigou/पीगू | (2) n = PK |
| (c) Robertson/रॉबर्टसन | (3) $P = \frac{kR}{M}$ |
| (d) Keynes/कीन्स | (4) $P = \frac{kY}{M}$ |

**Code/कूट–**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (b) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (c) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

**Ans. (b) :** सही सुमेलित सूची

| | सूची-I | सूची-II |
|---|---|---|
| (A) | मार्शल | (4) $P = \frac{kY}{M}$ |
| (B) | पीगू | (3) $P = \frac{kR}{M}$ |
| (C) | रॉबर्टसन | (1) M = PKT |
| (D) | कीन्स | (2) n = P.K |

**22. Who among the following is the Chairman of 15th Finance Commission?**
**निम्न में से कौन 15 वें वित्त आयोग के अध्यक्ष हैं?**
(a) N.K. Singh/एन.के. सिंह
(b) S.S. Mudra/एस.एस. मुद्रा
(c) Cyrus Mistry/साइरस मिस्त्री
(d) Soumy Kanti Ghosh/सौम्य कांति घोष

**Ans. (a) :** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 280 के तहत भारत के राष्ट्रपति ने एन.के.सिंह की अध्यक्षता में 15वें वित्त आयोग का गठन किया। एन.के.सिंह एफ.आर.बी.एम. की समीक्षा के सम्बन्ध में गठित कमेटी के भी अध्यक्ष थे। यह पहला वित्त आयोग रहा जिसने पहली बार 2011 की जनगणना को आधार बनाकर अपनी संस्तुतियाँ दी। 15वें वित्त आयोग के लिए समयावधि 2020-2025 निर्धारित किया गया था, जिसे बढ़ाकर 2021-2026 कर दिया गया। इस दौरान करों के वितरण पूल में राज्यों की हिस्सेदारी 42% से घटाकर 41% स्वीकार कर दिया गया। अतिरिक्त 1% लद्दाख, जम्मू-कश्मीर के लिए आवश्यक समायोजन किया गया।
**नोट-**आयोग इस प्रश्न का उत्तर (c) माना है जो गलत है।

**23. Match List-I with List-II and select the correct answer from the code given below the Lists-**
**सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिए हुए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-**

| | List-I/ सूची-I | | List-II/ सूची-II |
|---|---|---|---|
| (a) | Real Balance effect<br>वास्तविक शेष प्रभाव | (1) | A.C. Pigou<br>ए. सी. पीगू |
| (b) | Wealth effect<br>संपदा प्रभाव | (2) | Milton Fried-man/मिल्टन फ्रीडमैन |
| (c) | The Quantity Theory of Money-A Res-tatement/<br>मुद्रा का परिमाण सिद्धांत–एक पुनःकथन | (3) | J.M. Keynes<br>जे. एम. कीन्स |
| (d) | Theory of Money and Prices/ मुद्रा तथा कीमतों का सिद्धांत | (4) | Don Patinkin<br>डॉन पैटिन्किन |

**Code/कूट–**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

**Ans. (c) :** सही सुमेलित सूची

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (A) वास्तविक शेष प्रभाव | (4) डॉन पैटिन्किन |
| (B) संपदा प्रभाव | (1) ए.सी.पीगू |
| (C) मुद्रा का परिमाण सिद्धान्त एक पुनः कथन | (2) मिल्टन फ्रीडमैन |
| (D) मुद्रा तथा कीमतों का सिद्धान्त | (3) जे.एम.कीन्स |

**24. 'TRYSEM' scheme is related to whom?**
**'ट्राइसेम' योजना किससे सम्बन्धित है?**
(a) Agriculture Development/कृषि विकास से
(b) Rural Youth Employment/ग्रामीण युवा रोजगार से
(c) Industrial Development/औद्योगिक विकास से
(d) City Youth Employment/शहरी युवा रोजगार से

**Ans. (b) :** ट्राइसेम (Training of Rural youth for self Employment - TRYSEM) ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम 15 अगस्त 1979 को शुरु किया गया। इस योजना के अन्तर्गत ग्रामीण युवक, जिसकी आय 3500 रुपया वार्षिक से कम है इसके अन्तर्गत अर्ह होगा। अप्रैल 1999 को इसे स्वर्ण जयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना (SGSY) में मिला दिया गया।


**25. If mode (z) = 16 and arithmetic mean $\overline{X} = 20.2$, then the value of median would be –**
**यदि बहुलक (Z) = 16 तथा समान्तर माध्य $\overline{X} = 20.2$ हो, तो माध्यिका का मूल्य होगा–**
(a) 16.8 (b) 17.3
(c) 18.3 (d) 18.8

**Ans. (d) :**
बहुलक (Z) = 16
सामान्तर माध्य $(\bar{X}) = 20.2$
माध्यिका (M) = ?
$Z = 3M - 2\bar{X}$
$16 = 3M - 2 \times 20.2$
$3M = 40.4 + 16$
$M = \frac{56.4}{3}$
माध्यिका (M) = 18.8


**26. Which of the following items come under the purview of the current account of Balance of Payment?**
**निम्न में से कौन सी मदें भुगतान संतुलन के चालू खाते के अन्तर्गत आती हैं?**
(a) Investment Income/निवेश आय
(b) Indirect Investment/अप्रत्यक्ष निवेश
(c) Gifts and Grants/उपहार एवं अनुदान
(d) Foreign Direct Investment/विदेशी प्रत्यक्ष निवेश
**Select the correct answer using the code given below-/नीचे दिए गए कूट में सही उत्तर का चयन कीजिये–**
**Code/कूट–**
(a) (1) and (2) only/केवल (1) तथा (2)
(b) (2) and (3) only/केवल (2) तथा (3)
(c) (1), (2) and (3) only/केवल (1), (2) तथा (3)
(d) (1), (2), (3) and (4)/(1), (2), (3) तथा (4)

**Ans. (b) :** भुगतान संतुलन के चालू खाते में वे सब लेन-देन आते हैं जो वस्तुओं तथा सेवाओं के व्यापार तथा एक पक्षीय हस्तान्तरणों से सम्बन्ध रखते हैं। इनमें भौतिक वस्तुओं के निर्यात और आयात दृश्य मदें कहलाती हैं तथा सेवाओं और हस्तांतरण भुगतान और प्राप्तियां अदृश्य मदें कहलाती हैं। सेवाओं के लेन-देन में यात्रा तथा परिवहन, विदेशी निवेशों पर आय तथा सेवाओं के लेन-देन में यात्रा तथा परिवहन, विदेशी निवेशों पर आय तथा भुगतान आदि शामिल रहते हैं। हस्तान्तरण भुगतान का सम्बन्ध उपहारों, पेंशनों, निजी प्रेषणों, विदेशियों द्वारा विदेशों के व्यक्तियों तथा सरकारों से प्राप्त दान, उपहारों से है।

**27. What does OS line represent in the given diagram?**




**दिए गए चित्र में OS रेखा क्या प्रदर्शित करती है?**




(a) Price line/कीमत रेखा
(b) Income line/आय रेखा
(c) Scale line/पैमाने की रेखा
(d) Saving line/बचत रेखा

**Ans. (c) :** OS रेखा को पैमाना रेखा कहते हैं उत्पादक इस रेखा के अनुसार ही अपने उत्पादन का पैमाना बढ़ाता है। यदि साधनों की कीमतें स्थिर रहें तो उत्पादक उत्पादन बढ़ाने पर पैमाना रेखा पर स्थित साधनों के संयोग को ही चुनेगा। पैमाना रेखा को विस्तार पथ रेखा भी कहते हैं। विस्तार पथ रेखा से पता चलता है कि उत्पादन बढ़ने पर साधनों का संयोग बदल जायेगा।

**28. With reference to the Balance of Payment Theory of exchange rate, which of the following statement is/are correct?**
**विनिमय दर के भुगतान सिद्धान्त के सन्दर्भ में, निम्न में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?**
(1) Exchange rate is determined by the free forces of demand and supply in the foreign exchange market./विनिमय दर का निर्धारण मांग तथा आपूर्ति की स्वतंत्र शक्तियों द्वारा विदेशी विनिमय बाजार में किया जाता है।
(2) Exchange rate is determined by the government./विनिमय दर का निर्धारण सरकार द्वारा किया जाता है।
**Select the correct answer using the code given below-/नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिये–**
**Code/कूट–**
(a) (1) only/केवल (1)
(b) (2) only/केवल (2)
(c) Both (1) and (2)/(1) तथा (2) दोनों
(d) Neither (1) nor (2)/न तो (1) ना ही (2)

**Ans. (a) :** विनिमय दर के भुगतान शेष सिद्धान्त के अनुसार, मुक्त विनिमय-दरों के अन्तर्गत किसी देश की करेंसी की विनिमय दर उसके भुगतान शेष पर निर्भर करती है। अनुकूल भुगतान-शेष विनिमय दर को बढ़ाता है जबकि प्रतिकूल भुगतान-शेष विनिमय दर को घटाता है। इस प्रकार इस सिद्धान्त का अर्थ है कि विदेशी विनिमय की माँग तथा पूर्ति, विनिमय दर को निर्धारित करती है।

**29. Which one of the following Canons of Taxation is not related to Adam Smith?**
**निम्नलिखित करारोपण के सिद्धान्तों में से कौन सा एक एडम स्मिथ से सम्बन्धित नहीं है?**
(a) Canon of Equality/समानता का सिद्धांत
(b) Canon of Certainty/निश्चितता का सिद्धांत
(c) Canon of Convenience/सुविधा का सिद्धान्त
(d) Canon of Sufficiency/पर्याप्तता का सिद्धांत

**Ans. (d) :** प्रो. एडम स्मिथ द्वारा प्रतिपादित करारोपण के चार सिद्धान्त हैं-
(1) समानता का सिद्धान्त
(2) निश्चितता का सिद्धान्त
(3) सुविधा का सिद्धान्त
(4) मितव्ययिता का सिद्धान्त

**30. Which of the following test is/are satisfied by the Fisher's Ideal Index?**
**निम्न में से कौन से परीक्षण/परीक्षणों को फिशर आदर्श सूचकांक द्वारा संतुष्ट किया जाता है?**

(1) Factor Reversal/तत्व उत्क्राम्यता
(2) Time Reversal/समय उत्क्राम्यता
(3) Circular/चक्रीय

**Select the correct answer using the code given below-/नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिये–**

**Code/कूट–**

(a) (1) only/केवल (1)
(b) (2) only/केवल (2)
(c) (1) and (2) only/केवल (1) तथा (2)
(d) (1), (2) and (3)/(1), (2) तथा (3)

**Ans. (d) :** फिशर का सूचकांक आदर्श सूचकांक इस कारण से माना जाता है क्योंकि यह उत्क्राम्यता के दो परीक्षणों को पूरा करता है।
(i) समय उत्क्राम्यता परीक्षण (ii) तत्व उत्क्राम्यता परीक्षण
♦ समय उत्क्राम्यता परीक्षण में यदि आधार वर्ष के आधार पर सूचकांक ($P_{01}$) निकाला जाय तथा फिर चालू वर्ष के आधार पर सूचकांक ($P_{10}$) निकाला जाय, तब
$P_{01} \times P_{10} = 1$
$$= \sqrt{\frac{\sum P_1q_0}{\sum P_0q_0} \times \frac{\sum P_1q_1}{\sum P_0q_1} \times \frac{\sum P_0q_0}{\sum P_1q_0} \times \frac{\sum P_0q_1}{\sum P_1q_1}} = 1$$
$P_{01} = 1/P_{10}$
♦ तत्व उत्क्राम्यता परीक्षणों के अनुसार मूल्यों और मात्राओं का परिवर्तन करने पर असंगत परिणाम नहीं प्राप्त होते हैं।
$$P_{01} \times Q_{01} = \sqrt{\frac{\sum P_1q_0}{\sum P_0q_0} \times \frac{\sum P_1q_1}{\sum P_0q_1} \times \frac{\sum P_0q_1}{\sum P_0q_0} \times \frac{\sum P_1q_1}{\sum P_1q_0}}$$
$$P_{01} \times Q_{01} = \frac{\sum P_1q_1}{\sum P_0q_0}$$
प्राप्त राशि वास्तविक मूल्य अनुपात है।
♦ चक्रीय परीक्षण समय उत्क्राम्यता का परिवर्तित रूप है।
इस परीक्षण के अनुसार सूचकांक चक्र के रूप में तैयार किये जाते हैं। और उन सब का गुणनफल एक होना चाहिए।
$P_{01} \times P_{12} \times P_{21} = 1$

**31. Match the List-I with List-II and select the correct answer from the code given below the lists-**

| List-I (Name of Book) | | List-II (Author) | |
|---|---|---|---|
| (A) | An Essay on the Nature and Significance of Economic Science | (1) | Samuelson |
| (B) | An Inquiry into Nature and Causes of Wealth of Nations | (2) | Robbins |
| (C) | Principle of Economics | (3) | Adam Smith |
| (D) | Economics | (4) | Marshall |

**सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये–**

| सूची-I (पुस्तक का नाम) | | सूची-II (लेखक) | |
|---|---|---|---|
| (A) | आर्थिक विज्ञान की प्रकृति एवं महत्त्व पर एक निबंध | (1) | सैम्युलसन |
| (B) | राष्ट्रों की सम्पत्ति की प्रकृति एवं कारणों की खोज | (2) | रॉबिन्स |
| (C) | अर्थशास्त्र के सिद्धांत | (3) | एडम स्मिथ |
| (D) | अर्थशास्त्र | (4) | मार्शल |

**Code/कूट–**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (d) | 3 | 2 | 1 | 4 |

**Ans. (c) :** सही सुमेलित सूची

| **सूची-I (पुस्तक का नाम)** | **सूची-II (लेखक)** |
|---|---|
| (A) आर्थिक विज्ञान की प्रकृति एवं महत्व पर एक निबंध | (2) रॉबिन्स |
| (B) राष्ट्रों की सम्पत्ति की प्रकृति एवं कारणों की खोज | (3) एडम स्मिथ |
| (C) अर्थशास्त्र के सिद्धान्त | (4) मार्शल |
| (D) अर्थशास्त्र | (1) सैम्युल्सन |

**32. Which of the following equation is related to the four sector circular flow of income of the economy?**
**निम्नलिखित समीकरणों में किसका संबन्ध अर्थव्यवस्था के आय के चार क्षेत्रीय चक्रीय प्रवाह से है?**

(a) C + I + G + (X - M) = Y
(b) C + I + G + (X + M) = Y
(c) C + I + G = Y
(d) C + I + G = C + S + T

**Ans. (a) :** समीकरण Y = C + I + G + (X – M) का सम्बन्ध अर्थव्यवस्था के चार क्षेत्रीय चक्रीय प्रवाह से है। राष्ट्रीय आय निर्धारण के चार क्षेत्रीय मॉडल में विदेशी व्यापार को जोड़ते हैं। विदेशी व्यापार जो देश के निर्यात तथा आयात का जोड़ होता है राष्ट्रीय आय को प्रभावित करता है।

**33. With reference to the 'Make in India' Programme', which of the following statement is/are correct?**
**'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम के सन्दर्भ में निम्न में से कौन सा/से कथन सत्य है/हैं?**

**(1) Make in India Programme was launched in the year 2014./मेक इन इंडिया कार्यक्रम को वर्ष 2014 में शुरु किया गया था।**
**(2) Its aims is to encourage companies for manufacturing in India and facilities in vestment. /इसका उद्देश्य भारत में कम्पनियों को विनिर्माण हेतु प्रोत्साहन देना एवं निवेश को सुगम बनाना है।**

**Select the correct answer using the code given below-/नीचे दिए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिये–**

**Code/कूट–**

(a) (1) only/केवल (1)

(b) (2) only/केवल (2)

(c) (1) and (2) both/(1) तथा (2) दोनों

(d) Neither (1) nor (2)/न तो (1) ना ही (2)

**Ans. (c) :** मेक इन इंडिया कार्यक्रम को 25 सितम्बर 2014 को प्रारम्भ किया गया था। इसका उद्देश्य भारत में कम्पनियों को विनिर्माण हेतु प्रोत्साहन देना एवं निवेश को सुगम बनाना है। मेक इन इंडिया पहल का एक मुख्य उद्देश्य भारत में रोजगार के अवसरों को बढ़ाना है। इसके तहत देश के युवाओं पर ध्यान केन्द्रित किया गया है। योजना की शुरुआत के कुछ समय बाद ही वर्ष 2015 में भारत ने अमेरिका और चीन को पीछे छोड़ते हुए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) में शीर्ष स्थान प्राप्त कर लिया था।

**34. Salaries and dearness allowances of employees are determined with the help of which of the following?**
**कर्मचारियों के वेतन तथा मंहगाई भत्ते निम्न में से किसकी सहायता से निर्धारित होते हैं?**

(a) Wholesale Price Index/थोक मूल्य सूचकांक

(b) Cost of Living Index/जीवन निर्वहन लागत सूचकांक

(c) Production Index/उत्पादन सूचकांक

(d) Security Price Index/प्रतिभूति मूल्य सूचकांक

**Ans. (b) :** कर्मचारियों के वेतन तथा महंगाई भत्ता जीवन निर्वाह लागत सूचकांक की सहायता से निर्धारित किया जाता है। जीवन निर्वहन लागत सूचकांक कर्मचारियों के रहन-सहन के व्यय में होने वाले परिवर्तनों को मापने के लिए बनाये जाते हैं। इसकी सहायता से कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति में होने वाले परिवर्तनों की जानकारी प्राप्त होती है। इकोनॉमिक इंटेलिजेंस यूनिट ने हाल ही में कॉस्ट ऑफ लिविंग इंडेक्स (जीवन निर्वाह लागत सूचकांक) 2021 जारी किया। इस रिपोर्ट के अनुसार इजरायल का तेल अवीव विश्व का सबसे महंगा शहर है।

**35. Which of the following is correct formula for the Coefficient of Variation (C.V.)?**
**निम्नलिखित में से कौन विचरण गुणांक (सी.वी.) का सही सूत्र है?**

(a) $\frac{\sigma}{M}\times 100$ (b) $\frac{\sigma}{\bar{X}}\times 100$

(c) $\frac{\sigma}{X}$ (d) $\sigma^2$

**Ans. (b) :** प्रमाप विचलन को ग्रीक वर्णमाला के अक्षर σ सिग्मा (Small Sigma) से व्यक्त किया जाता है। इस प्रकार प्रसरण = $\sigma^2$ = (प्रमाप विचलन का वर्ग)। प्रमाप विचलन भी विचलन की अन्य मापों की भांति अपकिरण का निरपेक्ष माप है। तुलना-योग्य बनाने के लिए इसका गुणांक निकालकर सापेक्ष माप निकाला जाता है जिसे प्रमाप विचलन गुणांक कहते हैं। इसे ज्ञात करने के लिए प्रमाप विचलन को समान्तर माध्य से भाग दिया जाता है।

प्रमाप विचलन गुणांक $=\frac{\sigma}{\bar{X}}$

व्यंजक $\frac{\sigma}{\bar{X}}\times 100$ को प्रायः विचरण गुणांक कहा जाता है।

Note- आयोग इस प्रश्न का सही विकल्प (d) $\sigma^2$ माना है।

**36. Which of the following is/are not counted under the High powered money?**
**निम्न में से किसकी/किनकी गणना उच्च शक्तिशाली मुद्रा के अन्तर्गत नहीं की जाती है?**

(1) Demand deposits/माँग जमा

(2) Other deposits of RBI/आर.बी.आई. की अन्य जमा

(3) Currency with public/जनता के पास मुद्रा

(4) Cash Reserves of Banks/बैंकों के नकद रिजर्व

**Select the correct answer using the code given below-/नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिये–**

**Code/कूट–**

(a) (1) only/केवल (1)

(b) (2) only/केवल (2)

(c) (1) and (2) only/केवल (1) तथा (2)

(d) Only (2) and (4)/ केवल (2) तथा (4)

**Ans. (a) :** उच्च स्तरीय मुद्रा के प्रयोग के अन्तर्गत कानूनी सीमा के लिए कामर्शियल बैंकों की मांग अथवा केन्द्रीय बैंक के पास आवश्यक रिजर्व तथा अतिरिक्त रिजर्व और करेन्सी के लिए जनता की माँग शामिल है। उच्च स्तरीय मुद्रा H = C + RR + ER, जहाँ C करेन्सी को, RR आवश्यक रिजर्व को और ER अतिरिक्त रिजर्व को व्यक्त करते हैं।

**37. According to the Cardinal Utility Theory, the marginal utility of money-**
**गणना वाचक उपयोगिता सिद्धांत के अनुसार मुद्रा की सीमांत उपयोगिता–**

(a) Increases/बढ़ती है

(b) Remain constant/स्थिर रहती है

(c) Decreases/घटती है

(d) First Increases then decreases
पहले बढ़ती है फिर घटती है

**Ans. (b) :** गणना वाचक उपयोगिता सिद्धान्त अनेक मान्यताओं पर आधारित है-

(1) उपयोगिता विश्लेषण गणना वाचक धारणा पर आधारित है जो यह मानता है कि उपयोगिता वस्तुओं के भार और लम्बाई की तरह मापी और जोड़ी जाती है।

(2) उपयोगिता को मुद्रा द्वारा मापा जाता है।

(3) मुद्रा की सीमांत उपयोगिता स्थिर मानी जाती है।

(4) उपभोक्ता विवेकशील है जो वस्तुओं की विभिन्न इकाइयों की माप, गणना, चुनाव और तुलना करता है और उपयोगिता को अधिकतम करने का उद्देश्य रखता है।

(5) वस्तुओं की उपलब्धता और उनकी गुणवत्ता के बारे में उपभोक्ता को पूर्ण ज्ञान है।

**38. Which of the following is/are method of measuring the correlation?**
**निम्न में से कौन सह-सम्बन्ध मापने की विधि है/हैं?**

(1) Scatter Diagram/प्रकीर्ण आरेख

(2) Karl Pearson's Coefficient/कार्ल पियर्सन गुणांक

(3) Rank Difference Method/रैंक अंतर विधि

**Select the correct answer using the code given below-/नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनिये–**

(a) (1) only/केवल (1)
(b) (2) only/केवल (2)
(c) (1) and (2) only/केवल (1) तथा (2)
(d) (1), (2) and (3)/(1), (2) तथा (3)

**Ans. (d) :** सह-सम्बन्ध मापने की निम्नलिखित विधियाँ है-
(1) बिन्दु रेखीय विधि
(2) विक्षेप बिन्दु
(3) सह-सम्बन्ध सारणी
(4) कार्ल पियर्सन का सह-सम्बन्ध गुणांक
(5) संगामी विचलन गुणांक
(6) स्पियरमैन की श्रेणी-अन्तर विधि
(7) न्यूनतम वर्ग विधि द्वारा सह सम्बन्ध गुणांक ज्ञात करना।

**39. As per Union Government Budget Provisions for the year 2021-22, arrange the expenditures on following items in descending order-**
**संघीय सरकार के बजट वर्ष 2021-2022 प्रावधानों के अनुसार निम्न मदों पर होने वाले व्ययों को घटते हुए क्रम में संयोजित करें–**

**(I) State Share in Taxes and Duties**
**करों तथा शुल्कों में राज्यों की हिस्सेदारी**
**(II) Central Sectro Schemes**
**केन्द्रीय क्षेत्र की योजनाएँ**
**(III) Centrally Sponsored Schemes**
**केन्द्रीय प्रायोजित योजनाएँ**
**(IV) Subsidies and Pension/ सब्सिडी तथा पेंशन**

**Select the correct answer using the code given below-/नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिये–**
**Code/कूट–**
(a) (II), (I), (IV), (III)
(b) (I), (III), (IV), (II)
(c) (III), (II), (IV), (I)
(d) (I), (II), (III), (IV)

**Ans. (d) :** व्ययों का घटता हुआ क्रम निम्नलिखित है-
(i) करों तथा शुल्कों में राज्यों की हिस्सेदारी
(ii) केन्द्रीय क्षेत्र की योजनाएँ
(iii) केन्द्रीय प्रायोजित योजनाएँ
(iv) सब्सिडी तथा पेशन
वर्ष 2022-23 के बजट में व्ययों का क्रम इस प्रकार है-
(i) ब्याज भुगतान
(ii) करों तथा शुल्कों में राज्यों की हिस्सेदारी
(iii) केन्द्रीय प्रायोजित योजनाएँ
(iv) रक्षा तथा सब्सिडी

**40. Which of the following is <u>not</u> associated with 'Accelerator theory'?**
**निम्नलिखित में से कौन 'त्वरक सिद्धान्त' से जुड़ा हुआ नहीं है?**
(a) Aftalion/अफतालियन (b) Keynes/कीन्स
(c) Clark/क्लार्क (d) Samuelson/सैम्युलसन

**Ans. (b) :** टी.एन.कार्वर प्रथम अर्थशास्त्री था जिसने 1903 में उपभोग और शुद्ध निवेश में सम्बन्ध को समझा। परन्तु एफ्टेलियन ने इस सिद्धान्त का 1909 में विस्तार से विश्लेषण किया। 'त्वरण सिद्धान्त' नाम अर्थशास्त्र में पहली बार 1917 में जे.एम.क्लार्क ने प्रयोग किया। इसको आगे हिक्स, सैम्यूलसन, और गुडविन ने व्यापार चक्रों से सम्बन्ध विकसित किया। कुरीहारा के अनुसार, "त्वरक गुणांक प्रेरित निवेश और उपभोग व्यय में प्रारम्भिक परिवर्तन के बीच अनुपात है।"
$\beta = \frac{\Delta I_t}{\Delta C_t}$ या $\Delta I_t = \beta \Delta C_t$
जहाँ $\beta$ = त्वरण गुणांक, $\Delta I_t$ = निवेश में शुद्ध परिवर्तन
$\Delta C_t$ = उपभोग व्यय में शुद्ध परिवर्तन।
प्रो. कीन्स संबंध गुणक सिद्धांत से संबंधित है तथा कीन्स का गुणक सिद्धांत निवेश गुणक के रूप में जाना जाता है।
**नोटः-**आयोग ने इस प्रश्न का सही उत्तर विकल्प (c) माना है।

**41. How many countries were the members of the WTO upto March 2020?**
**मार्च 2020 तक डब्ल्यू. टी. ओ. में कितने सदस्य थे?**
(a) 160 (b) 164
(c) 204 (d) 194

**Ans. (b) :** विश्व व्यापार संगठन (WTO) की स्थापना 1 जनवरी 1995 को हुई। विश्व व्यापार संगठन स्वतन्त्र, स्वायत्त तथा एक वैधानिक अधिकार प्राप्त संस्था है, इसका मुख्यालय जिनेवा (स्विटजरलैण्ड) में है। वर्तमान में इसके सदस्यों की संख्या 164 है। 29 जुलाई 2016 को अफगानिस्तान 164वाँ सदस्य बना।

**42. Who propounded 'Employment Multiplier'?**
**'रोजगार गुणक' का प्रतिपादन किसने किया था?**
(a) J.M. Keynes/जे.एम. कीन्स
(b) J.B. Say/जे. बी. से
(c) R. F. Kahn/आर. एफ. काहन
(d) Hicks and Hansen/हिक्स तथा हैन्सन

**Ans. (c) :** 'रोजगार गुणक' का प्रतिपादन सन् 1931 में आर.एफ. काहन ने किया था। रोजगार गुणक वह अनुपात है जो रोजगार में कुल वृद्धि तथा प्राथमिक रोजगार में कुल वृद्धि के बीच होता है, अर्थात् $K' = \Delta N / \Delta N_1$ जहाँ $K'$ = रोजगार गुणक, $\Delta N$ = कुल रोजगार में हुई वृद्धि $\Delta N_1$ = प्राथमिक रोजगार में वृद्धि है।

**43. With reference to the Friedman's Reformulation of "Quantity Theory of Money", which of the following statement is/are correct?**
**फ्रीडमैन के मुद्रा के परिमाण सिद्धान्त के पुनः प्रतिपादन के सन्दर्भ में से कौन सा/से कथन सत्य है/हैं?**
**(1) Positive relationship with money supply and money G.N.P./मुद्रा की आपूर्ति तथा मुद्रा जी0एन0पी0 में धनात्मक सम्बन्ध।**
**(2) Money is not a Luxury Good.**
**मुद्रा विलास की वस्तु नहीं है।**
**(3) Money supply is not Exogenous.**
**मुद्रा आपूर्ति बहिर्जात नहीं है।**
**(4) Very Narrow Definiton of Money.**
**मुद्रा की अत्यधिक संकुचित परिभाषा।**

Select the correct answer using the code given below-/नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिये–

**Code/कूट–**

(a) (1) only/केवल (1)
(b) (1) and (2) only/केवल (1) और (2)
(c) (1), (2) and (4) only/केवल (1), (2) तथा (4)
(d) (1), (2), (3) and (4)/(1), (2), (3) तथा (4)

**Ans. (a) :** फ्रीडमैन के मुद्रा परिमाण सिद्धान्त के नवीन दृष्टिकोण का सर्वाधिक मूल सिद्धान्त यह है कि लोग अपनी आय के एक निश्चित अंश को मुद्रा या नकद शेष के रूप में रखने की इच्छा करते हैं। इस सम्बन्ध में मुद्रा या नकद शेष का वांछित संचय मौद्रिक आय अर्थात GNP का फलन होता है। मौद्रिक GNP जितनी अधिक होगी, मुद्रा या नकद शेष की मात्रा उतनी ही अधिक होगी जिसे लोग संचय करना चाहेंगे।

**44. Which of the following is correct?**
**निम्नलिखित में से कौन सही है?**

(a) $\overline{X} < GM < HM$ (b) $\overline{X} > GM > HM$
(c) $\overline{X} > GM < HM$ (d) $\overline{X} < GM > HM$

**Ans. (b) :** समान्तर माध्य, गुणोत्तर माध्य तथा हरात्मक माध्य में निम्न सम्बन्ध होता है-
$\overline{X} > GM > HM$
यदि पदमाला के समस्त पद समान हैं तो
$\overline{X} = GM = HM$
इस प्रकार गुणोत्तर माध्य, समान्तर माध्य तथा हरात्मक माध्य में निम्न परस्पर सम्बन्ध हो सकता है-
$\overline{X} \geq GM \geq HM$

**45. Economic and Social Planning is a subject of which List?**
**आर्थिक एवं सामाजिक नियोजन किस सूची का विषय है?**

(a) Union List/संघीय सूची
(b) State List/राज्य सूची
(c) Concurrent List/समवर्ती सूची
(d) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (c) :** आर्थिक एवं सामाजिक नियोजन समवर्ती सूची का विषय है। समवर्ती सूची में सम्मिलित किये गये विषयों पर राज्य सरकार और केन्द्र सरकार दोनों कानून बना सकती हैं। केन्द्र द्वारा बनाये गये कानून को राज्य सरकार द्वारा अनिवार्य रूप से स्वीकार किया जाता है। समवर्ती सूची के अन्तर्गत कुल 52 विषयों को सम्मिलित किया गया है जैसे शिक्षा, दीवानी एवं फौजदारी मुकदमें, श्रम कल्याण, कारखाने, समाचार पत्र, वन, आर्थिक एवं सामाजिक नियोजन, प्रदूषण नियंत्रण, परिवार नियोजन, बांट माप इत्यादि।

**46. Which of the following statement is/are correct in the context of Keynesian Theory of Employment?**
**कीन्स के रोजगार सिद्धान्त के प्रसंग में निम्न कथनों में से कौन सा/से कथन सत्य है/हैं?**

**(1) Effective demand determines the level of employment./प्रभावपूर्ण मांग रोजगार के स्तर को निर्धारित करती है।**

**(2) Determinants of effective demand are aggregate demand and aggregate supply./प्रभावपूर्ण मांग के निर्धारक समग्र मांग तथा समग्र पूर्ति हैं।**

**(3) Investment depends upon rate of interest only./विनियोग केवल ब्याज दर पर निर्भर करता है।**

**Select the correct answer using the code given below-/नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिये–**

**Code/कूट–**

(a) (1) and (2) only/केवल (1) तथा (2)
(b) (2) and (3) only/केवल (2) तथा (3)
(c) (2) only/केवल (2)
(d) (3) only/केवल (3)

**Ans. (a) :** कीन्स के रोजगार सिद्धान्त के सम्बन्ध में सत्य कथन निम्नलिखित है-
(i) प्रभावपूर्ण मांग रोजगार के स्तर को निर्धारित करती है।
(ii) प्रभावपूर्ण मांग के निर्धारक समग्र मांग तथा समग्र पूर्ति है।
(iii) रोजगार के विभिन्न स्तरों पर विविध समस्त मांग कीमतों को प्रकट करने वाला विवरण 'समस्त मांग कीमत अनुसूची' अथवा 'समस्त मांग फलन' कहलाता है।
(iv) समस्त मांग फलन रोजगार के किसी दिये हुए स्तर को रोजगार के उस स्तर से प्रत्याशित आय के साथ सम्बद्ध करता है।

**47. The World Happiness Report is published annually by which of the following organisation?**
**विश्व खुशहाली रिपोर्ट निम्नलिखित में से किस संगठन द्वारा वार्षिक तौर पर प्रकाशित की जाती है?**

(a) World Bank/विश्व बैंक
(b) I.M.F./आई. एम. एफ.
(c) United Nations Sustainable Development Solutions Network
संयुक्त राष्ट्र सतत विकास समाधान नेटवर्क
(d) United Nations Development Programme
संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम

**Ans. (c) :** हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय खुशहाली दिवस से एक दिन पूर्व संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में 'सतत् विकास समाधान नेटवर्क' द्वारा वैश्विक खुशहाली रिपोर्ट 2021 जारी की गयी है। प्रत्येक वर्ष 20 मार्च को मनुष्य के जीवन में खुशहाली के महत्व को इंगित करने हेतु अंतर्राष्ट्रीय खुशहाली दिवस का आयोजन किया जाता है। फिनलैण्ड को लगातार चौथे वर्ष सबसे खुशहाल देश घोषित किया गया है। भारत को 149 देशों में 139वाँ स्थान प्राप्त हुआ है।
Note- आयोग इस प्रश्न का विकल्प (d) माना है।

**48. Which of the following Economist was the first to suggest the 'Expenditure Tax'?**
**निम्नलिखित में से किस अर्थशास्त्री ने 'व्यय कर' लगाने का सुझाव सबसे पहले दिया?**

(a) Hicks/हिक्स (b) Dalton/डाल्टन
(c) Kaldor/काल्डोर (d) Musgrave/मसग्रेव


**Ans. (c) :** 'व्यय कर' पर विचार सबसे पहले थॉमस हॉब्स ने 17वीं शताब्दी में व्यक्त किया था, जबकि व्यय कर लगाने का सुझाव भारत व श्रीलंका में' वर्ष 1955 में निकोलस काल्डोर ने दिया था।

**49. Purchasing Power Parity Theory propounded by-**
**क्रयशक्ति समता सिद्धांत का प्रतिपादन किया–**
(a) Crowther/क्राउथर ने
(b) Gustav Cassel/गुस्ताव कैसल ने
(c) G.D.H. Cole/जी.डी.एच. कोल ने
(d) Halm/हॉम ने

**Ans. (b) :** अपरिवर्ती कागज करेंसी वाले देशों के बीच विनिमय दर निर्धारित करने के लिए जी. कैसल ने 1920 में क्रय-शक्ति समता सिद्धान्त विकसित किया था। यह सिद्धान्त कहता है कि दो अपरिवर्ती कागज करेंसियों के बीच विनिमय दर, उनकी क्रय-शक्तियों की समता निर्धारित करती है।

**50. Under which condition, a competitive firm in short run will cease the production? When the price is-**
**किस परिस्थिति में एक प्रतियोगितात्मक फर्म अल्पकाल में उत्पादन बंद कर देगी? जब कीमत–**
(a) equal to marginal cost/सीमांत लागत के बराबर हो
(b) equal to average cost/औसत लागत के बराबर हो
(c) Less than average variable cost
औसत परिवर्तनशील लागत से कम हो
(d) Greater than average cost/औसत लागत से अधिक हो


**Ans. (c) :** औसत परिवर्तनीय लागत वह न्यूनतम सीमा है, जिसके नीचे मूल्य होने पर फर्म उत्पादन बन्द कर देगी इस बिन्दु को 'तालाबन्दी बिन्दु' (Shut down point) कहते हैं। इस स्थिति में फर्म उत्पादन नहीं करेगी पर उद्योग छोड़कर बाहर नहीं जा सकेगी, उद्योग में बनी रहेगी।
चित्र में T बिन्दु तालाबन्दी बिन्दु है।





**51. Which of the following curve is called a Rectangular Hyperbola?**
**निम्नलिखित में से किस वक्र को आयताकार अतिपरवलय कहा जाता है?**
(a) Average Total Cost Curve/औसत कुल लागत वक्र
(b) Short Term Marginal Cost Curve
अल्पकालीन सीमांत लागत वक्र
(c) Average Variable Cost Curve
औसत परिवर्तनशील लागत वक्र
(d) Average Fixed Cost Curve
औसत स्थिर लागत वक्र

**Ans. (d) :** औसत स्थिर लागत वक्र को आयताकार अतिपरवलय कहा जाता है। जिसके प्रत्येक बिन्दु पर स्थिर लागत Q × AFC = TFC स्थिर बनी रहेगी। कुल स्थिर लागत को उत्पादित इकाइयों से भाग देने पर जो भागफल प्राप्त होगा वही प्रति इकाई औसत स्थिर लागत है।

$AFC = \frac{TFC}{Q}$ जिसमें Q वस्तु की मात्रा या इकाई है।





**52. What will be 'Elasticity of Demand' at point 'A' given in the following diagram?**
**निम्न रेखाचित्र में प्रदत्त बिन्दु 'A' पर 'माँग की लोच' क्या होगी?**




(a) Ed = 1 (b) Ed = 0
(c) Ed < 1 (d) Ed > 1

**Ans. (d) :** माँग वक्र के किसी बिन्दु पर माँग की लोच को मापने के लिए मार्शल ने ज्यामितीय विधि का प्रतिपादन किया।

$$\text{बिन्दु पर लोच} = \frac{\text{बिन्दु के नीचे का भाग}}{\text{बिन्दु के ऊपर का भाग}}$$




**53. The average rainfall for a week excluding Sunday was 4.2 cm. Due to heavy rainfall on Sunday, the average for the week rose to 7 cm. How much rainfall was there on Sunday?**
**रविवार को छोड़कर सप्ताह के शेष दिनों के लिये औसत वर्षा 4.2 सेमी. थी। रविवार को अत्यधिक वर्षा होने के कारण पूरे सप्ताह का औसत बढ़कर 7 सेमी. हो गया। रविवार को कितनी वर्षा हुई?**
(a) 20 cm/20 सेमी. (b) 23.8 cm/23.8 सेमी.
(c) 24.5 cm/24.5 सेमी. (d) 25.2 cm/25.2 सेमी.

**Ans. (b) :** सप्ताह के 6 दिनों की औसत वर्षा = 4.2 सेमी.
6 दिनों की कुल वर्षा = 6 × 4.2 = 25.2 सेमी
सप्ताह के 7 दिनों की औसत वर्षा = 7 सेमी.
पूरे सप्ताह की कुल वर्षा = 7 × 7 = 49 सेमी.
रविवार के दिन की वर्षा = 49.0 – 25.2 = 23.8 सेमी.

**54. Value of the mean deviation is minimum, when it is calculated from which of the following?**
**माध्य विचलन का मान न्यूनतम होता है, जबकि उसकी गणना निम्न में से किससे की जाती है?**

(a) Mean/माध्य (b) Median/माध्यिका
(c) Mode/बहुलक (d) First quartile/प्रथम चतुर्थक

**Ans. (b) :** माध्य विचलन का मान न्यूनतम होता है जब उसकी गणना माध्यिका से की जाती है। माध्य विचलन वास्तविक माध्य द्वारा विभिन्न पद मूल्यों से लिये गये विचलनों का समान्तर माध्य होता है। माध्य विचलन को प्रथम अपकिरण परिघात भी कहते हैं। माध्य विचलन का मान समान्तर माध्य, माध्यिका तथा भूयिष्ठक या बहुलक द्वारा ज्ञात किया जा सकता है।

**55. A consumer will purchase more of Good Y than Good X, only when-**
**एक उपभोक्ता वस्तु X की अपेक्षा वस्तु Y की अधिक मात्रा तभी खरीदेगा, केवल जब–**

(a) $\frac{MU_X}{P_X} = MU_M$ (b) $\frac{MU_X}{P_X} < \frac{MU_Y}{P_Y}$
(c) $\frac{MU_Y}{P_Y} = MU_M$ (d) $\frac{MU_X}{P_X} > \frac{MU_Y}{P_Y}$

**Ans. (b) :** एक उपभोक्ता वस्तु X की अपेक्षा वस्तु Y की अधिक मात्रा तभी खरीदेगा जब $\frac{MU_X}{P_X} < \frac{MU_Y}{P_Y}$ अर्थात् Y वस्तु से मिलने वाली सीमान्त उपयोगिता अधिक है जब तक Y वस्तु की सीमान्त उपयोगिता X वस्तु से अधिक होगी तब तक एक उपभोक्ता X वस्तु की अपेक्षा Y वस्तु की अधिक मात्रा खरीदेगा।

**56. Which of the following variable has/have an impact upon the shifting of Taxes?**
**निम्न में से कौन सा/से चर करों के विवर्तन पर प्रभाव डालते है/हैं?**

**(1) Elasticity of Demand and Supply**
**माँग तथा आपूर्ति की लोच**
**(2) Time/समय**
**(3) Tax Area/कर का क्षेत्र**
**(4) Laws of Return/उत्पत्ति के नियम**

**Select the correct answer using the code given below-/नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिये–**

**Code/कूट–**

(a) (1) only/केवल (1)
(b) (1) and (2) only/केवल (1) और (2)
(c) (1), (2) and (4) only/केवल (1), (2) और (4)
(d) (1), (2), (3) and (4)/(1), (2), (3) तथा (4)

**Ans. (d) :** कर विवर्तन को प्रभावित करने वाले तत्व निम्नलिखित है–
(i) मांग तथा आपूर्ति की लोच
(ii) समय
(iii) कर का क्षेत्र
(iv) उत्पत्ति के नियम
(v) कर का स्वभाव
(vi) कर की मात्रा
(vii) करारोपित वस्तुओं की स्थानापन्न वस्तुयें

**57. Who wrote the book 'How to pay for the War'?**
**'हाउ टू पे फॉर दि वॉर' पुस्तक के लेखक कौन हैं?**

(a) J.M. Keynes/जे. एम. कीन्स
(b) J. B. Say/जे. बी. से
(c) A. C. Pigou/ए. सी. पीगू
(d) G. Ackley/जी. एक्ले

**Ans. (a) :** हाउ टू पे फॉर दि वॉर पुस्तक के लेखक जॉन मेनार्ड कीन्स है। कीन्स की अन्य महत्वपूर्ण पुस्तकों में The General Theory of Employment Interest and Money (1936) है, जिसमें उन्होंने क्लासिकी विचारधारा का खण्डन कर एक नये सिद्धान्त का प्रतिपादन किया।

**58. Where was the First 'Export Processing Zone' (EPZ) established in Asia?**
**एशिया में सर्वप्रथम 'निर्यात प्रोसेसिंग क्षेत्र' (ई.पी. जेड) कहाँ स्थापित किया गया था?**

(a) Noida/नोयडा (b) Kandla/कांडला
(c) Dhaka/ढाका (d) Pyongyang/प्योंगयांग

**Ans. (b) :** भारत ने सबसे पहले कांडला में 1965 में निर्यात प्रोत्साहित करने के लिए निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्र (Export Processing Zone) खोला पर EPZ मॉडल बहुत अधिक प्रभावी नहीं रहा इसालिए इसकी कमियों को दूर करते हुए वाणिज्य मंत्रालय ने 2000 में सेज मॉडल लागू किया। यह मॉडल निजी क्षेत्र की भागीदारी पर आधारित है।

**59. Who is the Author of "Planned Economy for India"?**
**''प्लांड इकोनॉमी फॉर इंडिया'' के लेखक कौन हैं?**

(a) M. Visvesvarayya/एम. विश्वेश्वरैया
(b) Sriman Narayan/श्रीमन नारायण
(c) M.N. Roy/एम.एन. राय
(d) K.M. Munshi/के.एम. मुंशी

**Ans. (a) :** 'प्लांड इकोनॉमी फॉर इण्डिया' नामक पुस्तक के लेखक एम. विश्वेश्वरैया है, जिन्हें भारत में पंचवर्षीय योजना का जनक माना जाता है।

**60. What is the correct chronological sequence of the birth of the following organisations?**
**निम्न संगठनों के जन्म का सही कालक्रम क्या है?**

(a) GATT/गैट (b) IMF/आई.एम.एफ.
(c) WTO/डब्ल्यू.टी.ओ. (d) ADB/ए.डी.बी.

**Select the correct answer using the code given below-/नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिये–**

**Code/कूट–**

(a) (II), (III), (IV), (I) (b) (II), (I), (IV), (III)
(c) (III), (IV), (I), (II) (d) (I), (II), (III), (IV)

**Ans. (b) :** निम्न संगठनों के जन्म का सही कालक्रम निम्नलिखित है–
(ii) आई. एम. एफ. (1945)
(i) गैट (1947)
(iv) ए.डी.बी. (1966)
(iii) डब्ल्यू.टी.ओ. (1995)

**61. Which of the following has oncorporated primary and secondary waves in his trade cycle model?**
**निम्न में से किसने अपने व्यापार चक्र मॉडल में प्राथमिक एवं द्वितीयक लहरों का समावेश किया है?**

(a) Hayek/हायेक
(b) Hawtrey/हॉट्रे
(c) Schumpeter/शूम्पीटर
(d) Samuelson/सैम्युलसन

**Ans. (c) :** शूम्पीटर अपने नव-प्रवर्तन व्यापार चक्र मॉडल में प्राथमिक एवं द्वितीयक लहरों का समावेश किया है। शूम्पीटर का कहना है कि अर्थव्यवस्था के ढाँचे में जो नव-प्रवर्तन होते हैं, वही आर्थिक उतार-चढ़ाव का स्रोत है। व्यापार चक्र किसी आर्थिक विकास का परिणाम होते हैं। शूम्पीटर के मॉडल की दो अवस्थायें रहती हैं, पहली अवस्था जो नव-प्रवर्तन के आरम्भिक प्रभाव से सम्बन्ध रखती है और दूसरी अवस्था नव-प्रवर्तन के मूल प्रभाव के प्रति प्रतिक्रियाओं के माध्यम से आती है।

**62. With reference to the NITI Aayog's for year 2020 SDG Index Report, which of the following is/are correctly matched?**

| | Goal | States |
|---|---|---|
| **(I)** | No Poverty | Tamil Nadu |
| **(II)** | Zero Hunger | Kerala |
| **(III)** | Good Health and Well Being | Gujarat |
| **(IV)** | Gender Equality | Chhattisgarh |

**नीति आयोग द्वारा वर्ष 2020 हेतु जारी एस.डी.जी. सूचकांक रिपोर्ट के अनुसार, निम्न में सा/से कौन सुमेलित है/हैं?**

| | लक्ष्य | राज्य |
|---|---|---|
| **(I)** | गरीबी नहीं | तमिलनाडु |
| **(II)** | शून्य भुखमरी | केरल |
| **(III)** | अच्छा स्वास्थ्य एवं कल्याण | गुजरात |
| **(IV)** | लैंगिक समानता | छत्तीसगढ़ |

**Select the correct answer using the code given below-/नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिये–**

**Code/कूट–**

(a) (II) only/केवल (II)
(b) (I) and (II) only/केवल (I) तथा (II)
(c) (I), (II) and (IV) only/केवल (I), (II) तथा (IV)
(d) (I), (II), (III) and (IV)/(I), (II), (III) तथा (IV)

**Ans. (d) :** नीति आयोग द्वारा जारी वर्ष 2020 हेतु एस.डी.जी. सूचकांक रिपोर्ट के अनुसार सही सुमेलित राज्य–

| | लक्ष्य | राज्य |
|---|---|---|
| I | गरीब नहीं | तमिलनाडु |
| II | शून्य भुखमरी | केरल |
| III | अच्छा स्वास्थ्य एवं कल्याण | गुजरात |
| IV | लैंगिक समानता | छत्तीसगढ़ |

**63. Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and other as Reason (R) –**
**नीचे दो वक्तव्य दिए गए हैं, जिसमें से एक कथन (A) तथा दूसरा कारण (R) है–**

**Assertion (A):** Net Export is a part of Net Factor Income from abroad.

**कथन (A) :** निवल निर्यात विदेशों से प्राप्त निवल साधन आय का एक भाग होता है।

**Reason (R):** Net Factor Income from aboard is the difference between income earned from abroad by normal residents of a country and income earned by non-residents in the do mustic territory of that country.

**कारण (R) :** विदेशों से प्राप्त निवल साधन आय किसी देश के सामान्य निवासियों द्वारा विदेश से अर्जित आय तथा उस देश की घरेलू सीमा में अनिवासियों द्वारा अर्जित आय का अंतर होता है।

**Choose the correct answer using the code given below-/नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिये–**

**Code/कूट–**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) तथा (R) दोनों सत्य हैं एवं (R) (A) की सही व्याख्या करता है
(b) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A)/(A) तथा (R) दोनों सत्य हैं एवं (R) (A) का सही व्याख्या नहीं करता है
(c) (A) is true but (R) is false
(A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है
(d) (A) is false but (R) is true
(A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है

**Ans. (d) :** कथन (A) असत्य है, परन्तु कारण (R) सत्य है।
विदेशों से प्राप्त निवल साधन आय किसी देश के सामान्य निवासियों द्वारा विदेश से अर्जित आय (लगान, मजदूरी, ब्याज तथा लाभांश) तथा उस देश की घरेलू सीमा में अनिवासियों द्वारा अर्जित आय का अंतर होता है।

**64. When was the 'Human Development Report' first published?**
**'मानव विकास रिपोर्ट' का प्रकाशन सर्वप्रथम कब किया गया था?**

(a) Year 1985/वर्ष 1985 (b) Year 1988/वर्ष 1988
(c) Year 1990/वर्ष 1990 (d) Year 1995/वर्ष 1995

**Ans. (c) :** 1990 में सर्वप्रथम मानव विकास रिपोर्ट के प्रकाशन के साथ मानव विकास की दिशा में एक नये तथा ऐतिहासिक कदम की शुरुआत होती है। एच.डी.आर. 1990 में मानव विकास को लोगों के अधिमानों (चुनाव) के विस्तार' अधिकारिता में वृद्धि के रूप में स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया। ज्ञान सीखने की योग्यता तथा दीर्घ तथा स्वस्थ जीवन मानव अधिकारिता की वृद्धि के आवश्यक साधन हैं। दोनों के कारण लोगों की आय अर्जित करने की क्षमता तथा फलस्वरूप उपभोग क्षमता में वृद्धि होती है।

**65. Which of the following concepts are incorporated in the Peacock-Wiseman's public expenditure hypothesis?**
**निम्न में से कौन सी अवधारणाओं को पीकॉक-वाइजमैन की सार्वजनिक व्यय की परिकल्पना में शामिल किया गया है?**

(1) Diffusion effect/प्रसरण प्रभाव
(2) Inspection effect/निरीक्षण प्रभाव
(3) Displacement effect/विस्थापन प्रभाव
(4) Concentration effect/संकेन्द्रण प्रभाव

**Select the correct answr using the code given below-/नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिये–**

**Code/कूट–**

(a) (1) and (2) only/केवल (1) तथा (2)
(b) (2) and (3)/केवल (2) तथा (3)
(c) (2), (3), (4) and only/केवल (2), (3) तथा (4)
(d) (1), (2), (3) and (4)/(1), (2), (3) तथा (4)

**Ans. (c) :** जैक वाइजमैन तथा एलीन टी.पीकॉक ने 1890-1955 की अवधि में ब्रिटेन में सार्वजनिक व्यय में होने वाले परिवर्तनों का अध्ययन किया तथा उसके सम्बन्ध में एक अलग दृष्टिकोण प्रतिपादित किया जिसे वाइजमैन-पीकॉक परिकल्पना कहते हैं। पीकॉक वाइजमैन की सार्वजनिक व्यय की परिकल्पना में निम्न अवधारणाओं को शामिल किया गया है–
(i) निरीक्षण प्रभाव
(ii) विस्थापन प्रभाव
(iii) संकेन्द्रण प्रभाव

**66. Which of the following is not a method of Qualitative Credit Control?**
**निम्नलिखित में से कौन गुणात्मक साख नियंत्रण की विधि नहीं है?**

(a) Rationing of credit/साख का नियतन
(b) Direct action/प्रत्यक्ष कार्यवाही
(c) Moral suasion/नैतिक दबाव
(d) Open market operation/खुले बाजार की क्रियायें

**Ans. (d) :** गुणात्मक (चयनात्मक) साख नियंत्रण की विधियाँ-
(i) मार्जिन या न्यूनतम सीमा निर्धारण
(ii) साख मापदण्ड का निर्धारण
(iii) नैतिक दबाव
(iv) विभेदक ब्याज दर
(v) प्रत्यक्ष कार्यवाही
(vi) साख राशनिंग
(vii) साख स्वीकृति योजना
(viii) क्रेडिट मानीटरिंग अरेन्जमेंट

**67. Which of the following banks was formed by the merger of the Presidency Banks?**
**निम्न में से किस बैंक की स्थापना प्रेसीडेन्सी बैंकों के विलय करके की गयी?**

(a) Imperial Bank of India
इम्पीरियल बैंक ऑफ इण्डिया
(b) Reserve Bank of India/रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया
(c) State Bank of India/स्टेट बैंक ऑफ इंडिया
(d) Bengal Presidency Bank/बंगाल प्रेसीडेन्सी बैंक

**Ans. (a) :** चैम्बरलिन कमीशन ने अपनी रिपोर्ट में यह सुझाव दिया की तीनों प्रेसीडेन्सी बैंकों को मिलाकर एक केन्द्रीय बैंक की स्थापना की जाय जिसका नाम इम्पीरियल बैंक रखा जाय। इसकी संस्तुति पर 1921 में इम्पीरियल बैंक की स्थापना की गयी पर यह मुख्यतया एक व्यापारिक बैंक था जो केन्द्रीय बैंक के कुछ कार्य सरकारी बैंकर तथा बैंकों के बैंक का कार्य करता था।

**68. Monopolist uses price discrimination to-**
**एकाधिकारी कीमत विभेद को अपनाता है–**

(a) Increase consumer surplus
उपभोक्ता बचत बढ़ाने के लिये
(b) Decrease consumer surplus
उपभोक्ता बचत घटाने के लिये
(c) To create barrier for new firms to enter
नयी फर्म के प्रवेश में बाधा खड़ी करने के लिये
(d) Because he lacks information of consumers
क्योंकि उसको उपभोक्ताओं के सन्दर्भ में जानकारी नहीं होती

**Ans. (b) :** एकाधिकारी कीमत विभेद को उपभोक्ता की बचत घटाने के लिये अपनाता है। कीमत विभेद का अर्थ है, भिन्न-भिन्न ग्राहकों से भिन्न-भिन्न कीमतें वसूल करना या एक ही उत्पादन की भिन्न-भिन्न इकाइयों के लिए भिन्न-भिन्न कीमतें वसूल करना। जॉन रॉबिन्सन के शब्दों में, 'विभिन्न क्रेताओं को एक प्रकार के अकेले नियन्त्रण में उत्पादित वस्तु को विभिन्न कीमतों पर बेंचने की क्रिया, कीमत-विभेद कहलाती है।'

**69. For filling the blank choose the correct option-**
**रिक्त स्थान की आपूर्ति के लिये सही विकल्प का चयन करें–**

**According to National Population Policy-2000, target is to stabilize the Indian population till the year ...........**
**राष्ट्रीय जनसंख्या नीति 2000 के अनुसार भारत की जनसंख्या को वर्ष ........ तक स्थिर करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया हैं-**

(a) 2035 (b) 2040
(c) 2045 (d) 2050

**Ans. (c) :** राष्ट्रीय जनसंख्या नीति 2000 के अनुसार भारत की जनसंख्या को वर्ष 2045 तक स्थिर करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।
जनसंख्या नीति 2000 के निम्न उद्देश्य हैं–
(i) अल्पकालिक उद्देश्य–गर्भ निरोधकों की अपूरित मांग को पूरा करना, स्वास्थ्य आधारभूत ढांचे, स्वास्थ्य समन्वयों की व्यवस्था करना।
(ii) मध्यकालिक उद्देश्य - TFR = 2.1 को 2010 तक प्राप्त करना।
(iii) दीर्घकालिक उद्देश्य - 2045 तक एक स्थिर जनसंख्या का स्तर प्राप्त करना, जो कि आर्थिक संवृद्धि, सामाजिक विकास तथा पर्यावरणीय सुरक्षा के अनुरूप हो। वर्तमान में इसे बढ़ाकर 2070 तक स्थिर करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

**70. Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and other is Reason (R):**
**नीचे दो वक्तव्य दिए गए हैं, जिसमें से एक कथन (A) तथा दूसरा कारण (R) है:**

**Assertion (A):** The phrase 'quid proqno' is applicable to Special Assessment.
**कथन (A) :** विशेष कर निर्धारण में 'जैसे को तैसा' का मुहावरा लागू होता है।
**Reason(R) :** Special Assessment is a compulsory contribution and levied in proportion to the special benefit derived.
**कारण (R) :** विशेष कर निर्धारण वह अनिवार्य भुगतान है जो कि विशेष लाभों को प्रदान करने के अनुपात में वसूला जाता है।

Select the correct answer using the code given below-/नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिये–

**Code/कूट–**


(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) तथा (R) दोनों सत्य हैं एवं (R) (A) की सही व्याख्या करता है
(b) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A)/(A) तथा (R) दोनों सत्य हैं एवं (R) (A) की सही व्याख्या नहीं करता है
(c) (A) is true and (R) is false
(A) सत्य है तथा (R) असत्य है
(d) (A) is false and (R) is true
(A) असत्य है तथा (R) सत्य है

**Ans. (d) :** कथन (A) असत्य है तथा कारण (R) सत्य है। विशेष कर निर्धारण वह अनिवार्य भुगतान है जो कि विशेष लाभों को प्रदान करने के अनुपात में वसूला जाता है।

**71. In case of perfectly complementary goods, the shape of Indifference curve will be-**
**पूर्णतया पूरक वस्तुओं की स्थिति में तटस्थता वक्र का आकार होगा–**

(a) Horizontal/क्षैतिज (b) Vertical/लम्बवत
(c) L-Shaped/एल-आकृति (d) Circular/चक्रीय

**Ans. (c) :** पूर्णतया पूरक वस्तुओं की स्थिति में तटस्थता वक्र का आकार एल आकृति का होता है। पूर्णतया पूरक वस्तुयें वे होती है जो उपभोक्ता द्वारा एक निश्चित अनुपात में ही प्रयुक्त हो, इसी अनुपात में ही दोनों प्रयोग में आयेंगी। उदाहरण के लिए डाटपेन तथा रिफिल।




**72. Which of the following countries is <u>not</u> member of the 'SAARC'?**
**निम्नलिखित में से कौन सा राष्ट्र, 'सार्क' का सदस्य <u>नहीं</u> है?**

(a) Myanmar/म्यांमार (b) Bhutan/भूटान
(c) Nepal/नेपाल (d) Maldives/मालदीव

**Ans. (a) :** भारतीय उपमहाद्वीप तथा मध्य एशिया के सात देशों, भारत, नेपाल, बांग्लादेश भूटान, श्रीलंका, मालदीव, एवं पाकिस्तान ने मिलकर पारस्परिक सम्बन्धों को सुधारने, क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान तथा मुख्य रूप से आर्थिक सहयोग एवं सह अस्तित्व के उद्देश्य से प्रेरित होकर नये रास्ते तलाशने का सामूहिक प्रयास किया जिसके परिणामस्वरूप दक्षिण एशियाई सहयोग संगठन (SAARC) या दक्षेस का जन्म हुआ। अफगानिस्तान सार्क का आठवां सदस्य 2007 में बना। सार्क का मुख्य कार्यालय काठमांडू में है।

**73. Which of the following is <u>not</u> correctly matched?**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | PM-AASHA | – | 2018 |
| (b) | PM-KISAN | – | 2019 |
| (c) | PM-KISAN SAMPADA | – | 2016 |
| (d) | PM-KISAN MAADHAN | – | 2019 |

**निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित <u>नहीं</u> है?**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | पी.एम.–आशा | – | 2018 |
| (b) | पी.एम.–किसान | – | 2019 |
| (c) | पी.एम.–किसान सम्पदा | – | 2016 |
| (d) | पी.एम.–किसान मानधन | – | 2019 |

**Ans. (c) :** सही सुमेलन
(a) पी.एम.-आशा - 2018
(b) पी.एम.-किसान - 2019
(c) पी.एम.-किसान सम्पदा - 2017
(d) पी.एम.-किसान मानधन - 2019

**74. Which of the following is <u>not</u> an assumption of Revealed Preference Theory of Consumer Behavior?**
**उपभोक्ता व्यवहार के व्यक्त अधिमान सिद्धांत की निम्नलिखित में से कौन सी एक मान्यता नहीं है?**

(a) Rationality/विवेकशीलता
(b) Transitivity/सकर्मकता
(c) Monotonicity/एक दिष्टता
(d) Consistency/संगतता

**Ans. (c) :** उपभोक्ता व्यवहार के व्यक्त अधिमान सिद्धान्त की मान्यताएं निम्नलिखित है-
(1) विवेकशीलता (2) सकर्मकता
(3) संगतता
(4) व्यक्त प्राथमिकता की अवधारणा
(5) उपभोक्ता की रुचि दी हुयी है (6) सबल क्रमबद्धता

**75. With reference to the 'Static functions of money', which of the following are correct?**
**'मुद्रा के स्थैतिक कार्य' के संदर्भ में निम्न में से कौन सही हैं?**

(1) Measure of value/मूल्य का मापक
(2) Store of value/मूल्य का संचय
(3) Credit creation/साख निर्माण
(4) Medium of exchange/विनिमय का माध्यम

**Select the correct answer using the code given below-/नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिये–**

**Code/कूट–**

(a) (1), (2), (3) and (4)/(1), (2), (3) एवं (4)
(b) (2), (3) and (4)/(2), (3) एवं (4)
(c) (1), (2) and (4)/(1), (2) एवं (4)
(d) (1), (2) and (3)/(1), (2) एवं (3)

**Ans. (c) :** मुद्रा के कार्यों को निम्न तीन वर्गों में विभाजित किया जा सकता है-
**(1) प्राथमिक अथवा मुख्य कार्य**
(i) विनिमय का माध्यम
(ii) मूल्य का मापन
**(2) गौण कार्य**
(i) स्थगित या भावी भुगतान का आधार
(ii) मूल्य का संचय
(iii) मूल्य का हस्तांतरण
**(3) आकस्मिक कार्य**
(i) साख का आधार
(ii) सामाजिक आय का वितरण
(iii) सीमांत उपयोगिता का समानीकरण
(iv) पूंजी तथा संपत्तियों को एकरूपता प्रदान करना

76. **Who among the following developed the concept of 'Group Equilibrium'?**
**निम्न में से किसने 'समूह संतुलन' के प्रत्यय को विकसित किया?**
(a) Joan Robinson/जॉन रोबिन्सन
(b) Chamberlin/चैम्बरलिन
(c) Hicks/हिक्स
(d) Sraffa/स्राफा

**Ans. (b) :** एकाधिकारिक प्रतियोगिता की व्याख्या के लिए चैम्बरलिन समूह की धारणा का प्रयोग करते हैं जो ऐसी फर्मों का सम्मिलित रूप है जो किसी वस्तु की अत्यन्त ही नजदीकी स्थानापन्न वस्तुओं का उत्पादन कर रही हैं। फर्मो द्वारा उत्पादित वस्तुयें परस्पर प्राविधिक तथा आर्थिक स्थानापन्न' होनी चाहिए।

77. **Which of the following diagram is best to show the family expenditure?**
**पारिवारिक व्यय को प्रदर्शित करने हेतु निम्न में से कौन सा चित्र सर्वश्रेष्ठ है?**
(a) Histogram/आवृत्ति आयत चित्र
(b) Circular Pie diagram/वृत्ताकार पाई चित्र
(c) Rectangle diagram/आयत चित्र
(d) Bar diagram/दण्ड चित्र

**Ans. (b) :** पारिवारिक व्यय को प्रदर्शित करने के लिए वृत्ताकार पाई चित्र का प्रयोग करते हैं। वृत्त चित्र का प्रयोग उन सभी दशाओं में किया जाता है, जहाँ वर्ग चित्र का प्रयोग किया जाता है। वृत्त चित्रों को वर्ग चित्र का विकल्प माना जाता है। वृत्तों व उसके खण्डों द्वारा सम्पूर्ण आंकड़ों व उसके भागों को प्रदर्शित कर सकते हैं। वृत्त चित्र दो प्रकार के होते हैं।
(i) साधारण वृत्त चित्र
(ii) अन्तर्विभक्त वृत्त चित्र या कोणिक चित्र

78. **Match List-I with List-II and select the correct answer from the code given below the Lists-**

| List-I | | List-II | |
|---|---|---|---|
| (A) | IMF | (1) | Investment in private companies |
| (B) | IBRD | (2) | SDR |
| (C) | IDA | (3) | Loan for economic development and reconstruction |
| (D) | IFC | (4) | Conversional long-term loan |

**सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा सूचियों के नीचे स्थित कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये–**

| सूची-I | | सूची-II | |
|---|---|---|---|
| (A) | आई.एम.एफ. | (1) | निजी कम्पनियों में निवेश |
| (B) | आई.बी.आर.डी. | (2) | एस.डी.आर. |
| (C) | आई.डी.ए. | (3) | आर्थिक विकास तथा पुनर्निर्माण हेतु ऋण |
| (D) | आई.एफ.सी. | (4) | रियायती दीर्घ–कालीन ऋण |

**Code/कूट-**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (c) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (d) | 3 | 1 | 4 | 2 |

**Ans. (c) :** सही सुमेलित सूची

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (A) आई.एम.एफ. | (2) एस.डी.आर. |
| (B) आई.बी.आर.डी. | (3) आर्थिक विकास तथा पुनर्निर्माण हेतु ऋण |
| (C) आई.डी.ए. | (4) रियायती दीर्घ-कालीन ऋण |
| (D) आई.एफ.सी. | (1) निजी कम्पनियों में निवेश |

79. **Arrange the following countries in descending order as the sources of FDI inflow in India during the financial year 2020-21.**
**निम्न देशों को वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान भारत में होने वाले एफ.डी.आई. के अन्तर्प्रवाह के स्त्रोतों के अनुसार घटते हुये क्रम में संयोजित कीजिये–**
(I) Mauritius/मॉरीशस (II) USA/यू.एस.ए.
(III) UAE/यू.ए.ई. (IV) Singapore/सिंगापुर
**Select correct answer from the code given below-/नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए–**
**Code/कूट–**
(a) (I), (II), (III), (IV)
(b) (IV), (II), (I), (III)
(c) (I), (IV), (II), (III)
(d) (IV), (I), (III), (II)

**Ans. (b) :** वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान भारत में होने वाले एफ.डी.आई. के अन्तर्प्रवाह के स्रोतों के अनुसार घटते हुए क्रम-
(iv) सिंगापुर (ii) यू.एस.ए.
(i) मॉरीशस (iii) यू.ए.ई.
वित्तीय वर्ष 2021-22 में FDI के अन्तर्प्रवाह के स्रोत देश है-
(i) सिंगापुर (ii) अमेरिका
(iii) मॉरिशस (iv) नीदरलैण्ड
(v) जापान

80. **The Economy Survey 2020-21 highlighted the desirability of using following type of Fiscal Policy for enabling economic growth-**
**संवृद्धि को सक्षम बनाने हेतु आर्थिक सर्वेक्षण 2020-21 ने निम्न प्रकार की राजकोषीय नीति की आवश्यकता पर जोर दिया है–**
(a) Compensatory/क्षति पूरक
(b) Counter cyclical/प्रति चक्रीय
(c) Sound/ठोस
(d) Activating/क्रियाशील
**Select correct answer from the code given below-/नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए–**
**Code/कूट–**
(a) (4) only/केवल (4)
(b) (2) only /केवल (2)
(c) (1), (2) and (3) only /केवल (1), (2) तथा (3)
(d) (1), (2), (3) and (4)/केवल (1), (2), (3) तथा (4)

**Ans. (b) :** संवृद्धि को सक्षम बनाने हेतु आर्थिक सर्वेक्षण 2020-21 में प्रति चक्रीय उपायों के माध्यम से मंदी या उछाल का मुकाबला करने के लिए अपनायी जाने वाली रणनीति है। मंदी के दौरान प्रति-चक्रीय राजकोषीय नीति का उद्देश्य करों को कम करना और व्यय में वृद्धि करना होता है। इसका उद्देश्य देश में मांग उत्पन्न करना है ताकि देश में आर्थिक गतिविधियों में तेजी लायी जा सके।